# मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल

## दिनॉंक 5 मई, 2007 को सम्पन्न कार्यकारी समिति की 44 वीं बैठक का कार्य-विवरण

म.प्र.विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की कार्यकारी समिति की 44 वीं बैठक दिनॉंक 5 मई 2007 को डॉ.महेश शर्मा, चेयरमेन, कार्यकारी समिति की अध्यक्षता में विज्ञान भवन में सी.वी. रमन सभाकक्ष में सम्पन्न हुई । बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे :-

1. श्री इन्द्रनील शंकर दाणी, प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन
2. डॉ. आर.आर. दास, पूर्व कुलपति, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
3. प्रो.ए.डी.एन. वाजपेयी, पूर्व कुलपति ए.पी.एस.विश्वविद्यालय, रीवा
4. श्री टी.जी.के. मेनन, इन्दौर
5. डॉ. अजय नारंग, भोपाल
6. डॉ.विमल कुमार शर्मा, संयुक्त संचालक (प्रशासन) - संयोजक

सर्वप्रथम डॉ. महेश शर्मा, महानिदेशक/ अध्यक्ष, कार्यकारी समिति द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात् बैठक की कार्यसूची पर चर्चा आरंभ हुई । बैठक में 2007-08 की वार्षिक कार्य-योजना एवं बजट पर अधिक चर्चा करने का निर्णय हुआ ।

**1. कार्यकारी समिति की 43 वीं बैठक के कार्य विवरण की पुष्टि पर विचार किया गया।**

निर्णय लिया गया कि कार्यकारी समिति की 43 वीं बैठक के कार्य विवरण की पुष्टि की जाय।

2. कार्यकारी समिति की 43 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन-प्रतिवेदन पर विचार **किया गया।**

- कार्यकारी समिति की 42 वीं बैठक के कार्यसूची कमांक-5 के संदर्भ में 43 वीं कार्यकारी समिति ने निर्णय लिया कि परिषद के वैज्ञानिकों द्वारा कराये गये पेटेंट संबंधी जानकारी शीघ्र प्रस्तुत की जाय। साथ ही 42 वीं बैठक की विशेष कार्यसूची ''वैज्ञानिकों की कार्य की प्रगति की समीक्षा'' पर समिति द्वारा निर्णय हुआ कि वैज्ञानिकों द्वारा किये जाने वाले कार्य की स्व-ऑंकलन रिपोर्ट (Self appraisal report) का प्रोफार्मा बनाकर रिपोर्ट सहित कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये ।

- कार्यकारी समिति द्वारा 43 वीं बैठक में लिये गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन पर प्रस्तुत कार्यसूची कमांक-9 एवं 10 पर निर्णय लिया था कि कार्योत्तर स्वीकृति हेतु शीघ्र कार्यवाही की जाए ।

डॉ.आर.के.सिंह
कार्यकारी संचालक
वि.एवं प्रौद्यो.परि.,भोपाल



000002

2

3. **परिषद की गतिविधियाँ एवं उपलब्धियों का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया।**

(1) **उल्लेखनीय गतिविधियाँ :**

कार्यकारी समिति की पिछली बैठक के पश्चात् परिषद की शोध, प्रसार एवं प्रभाव से संबंधित उल्लेखनीय गतिविधियों को देखते हुये मध्यप्रदेश शासन एवं केन्द्र सरकार की ओर से परिषद को उच्च प्राथमिकता एवं महत्व मिल रहा है ।

(2) **बजट :**

संलग्न विवरण के अनुसार 2007-08 वर्ष के बजट में मध्यप्रदेश शासन ने कुल राशि 15.24 करोड़ रूपये स्वीकृत किये हैं, जो विगत वर्ष 2006-07 की तुलना में लगभग 4 गुना अधिक है । बजट चर्चा में माननीय मुख्यमंत्री जी ने परिषद के बारे में कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की हैं, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे ।

(3) **परिषद का सुदृढ़ीकरण :**

माननीय मुख्यमंत्रीजी की 8 सूत्री घोषणाओं, परिषद की आमसभा की छटवीं बैठक एवं वित्त विभाग के पत्र दिनांक 19 जनवरी 2007 के संदर्भ में परिषद के सुदृढ़ीकरण हेतु कुछ रिक्त पद प्रतिनियुक्ति / संविदा से व बैकलॉग के नियमित पद भरे गये । शेष रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही जारी है ।

(4) परिषद परिसर में आवश्यक निर्माण कार्य हेतु मास्टर'-प्लान को संशोधित करना एवं निर्माण कार्य सम्पन्न करने हेतु एक अनुभवी आर्किटेक्ट का चयन किया गया है जिन्होंने प्रारंभिक रूपरेखा तैयार की है, बजट प्रावधान के अनुसार इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव है ।

(5) कार्यकारी समिति एवं आमसभा के निर्णय के अनुसार परिषद के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत विविध कार्यक्रम हो रहे हैं, जिस हेतु 50 लाख रूपये स्वीकृत हुये है, विज्ञान सम्मेलन नवम्बर, 2007 में प्रस्तावित है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय व विज्ञान भारती इसके सह आयोजक होंगे तथा आई.एस.आर.ओ. (ISRO) के अध्यक्ष डॉ. जी माधवन नायर आयोजन समिति के अध्यक्ष होंगे ।

उपरोक्त गतिविधियों एवं उपलब्धियों से समिति अवगत हुई । सभी सदस्यों ने प्रगति रिपोर्ट का अनुमोदन किया ।

4. **वर्ष 2007-08 की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट विवरण पर विचार किया गया।**

वर्ष 2007-08 की परिषद की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट विवरण निम्नलिखित संशोधन एवं सुझाव के साथ अनुमोदन किया गया :

(क) शासन के अन्य विभागों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से समन्वय किया जाये। स्थानीय आवश्यकताओं एवं लक्ष्य समूहों



डॉ. आ... सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि., भोपाल

की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाये । परिषद में प्रौद्योगिकी प्रबंधन केन्द्र के अंतर्गत एक नियमित सुविधा केन्द्र का कार्य शीघ्र प्रारंभ करेगा । इस केन्द्र कोसी.एस.आई. आर. में चल रही सुविधा के समान कार्य हेतु सुनियोजित किया जाए।

(ख) उद्योग जगत के साथ कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाई जायेगी, विशेषकर शोध एवं विकास की गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा लघु उद्योगों को सहायता एवं आवश्यक सुविधायें प्रदान की जायेंगी ।

(ग) केन्द्रीय प्रयोगशाला को कृषि उत्पादों एवं खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जांच के लिए वशेष रूप से सुसज्जित किया जाये।

(घ) सदस्यों ने कार्ययोजना में कई नये पहलुओं की प्रशंसा करते हुए यह निर्णय लिया कि मध्यप्रदेश के प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में जैसे मालवा, बुंदेलखण्ड, महाकौशल में विज्ञान प्रसार प्रभावी ढंग से किया करने के लिए विस्तार केन्द्र खोले जायें।

(ङ) जिला स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालयों में परिषद की गतिविधियों को गति देने के लिए का केन्द्र बनाया जाये तथा संभाग स्तर पर संबंधित विश्वविद्यालयों में एवं प्रमुख तकनीकी संस्थाओं में समन्वयक प्रकोष्ठ बनाये जायें।

(च) जैव प्रौद्योगिकी उपयोगिता केन्द्र तथा अन्य कार्यक्रमों में प्रशिक्षण गतिविधियों को बड़े पैमाने पर सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। मिशन एक्सीलेंस के अंतर्गत भी कार्यवाही की जावे।

(छ) मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत बजट के साथ ही केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों / विभागों से विविध कार्यक्रमों के लिए बजट राशि हेतु प्रयास किया जाए, इसी के साथ यह भी निर्णय हुआ कि राज्य बजट के अतिरिक्त प्रमुख विभागों से कार्यक्रमों का तालमेल बिठाते हुए उनसे राशि प्राप्त की जावे ।

(ज) बजट में यह भी प्रावधान करने का निर्णय लिया गया कि अन्य वैज्ञानिक/तकनीकी संस्थाओं की भांति वैज्ञानिकों को प्रोजेक्ट कन्सल्टेंसी के लिये प्रोत्साहित किया जाए तथा इस हेतु समुचित प्रोत्साहन की एक स्कीम विकसित की जावे।

**5. 11 वीं पंचवर्षीय योजना एवं वार्षिक योजना, वर्ष 2007-08 के बजट के अनुमोदन पर विचार किया गया ।**

निर्णय लिया गया कि 2007-08 के बजट का अनुमोदन किया जाय। यह भी निर्णय लिया गया कि राज्य योजना मंडल की स्वीकृति के अनुरूप पुर्नविनियोजन (reappropriation) के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाये।

डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि.,भोपाल

3

6. वित्तीय वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 की प्राप्तियां एवं व्यय विवरण ।

वित्तीय वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 की प्राप्तियाँ एवं व्यय विवरण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

7. वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 के अंकेक्षण हेतु सनद लेखाकार की नियुक्ति।

परिषद के लेखा अंकेक्षण हेतु सनद लेखाकार के लिये पूर्व वर्षो की शासन द्वारा निर्धारित शर्तो पर 2005-06 एवं 2006-07 के लिए मेसर्स अभिषेक गुप्ता, राज के.श्री एण्ड कंपनी, भोपाल को नियुक्त किया गया ।

2007-08 अवधि में गतिविधियों एवं बजट का विस्तार तथा लेखा प्रबंधन में अंकेक्षक की नियमित सक्रिय भागीदारी को ध्यान में रखते हुए नवीन शर्ते निर्धारित होंगी, इसका विस्तृत प्रस्ताव कार्य समिति के समक्ष आगे रखा जायेगा । समिति द्वारा अंकेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये ।

8. विशेष भर्ती अभियान (बैकलाग) के अन्तर्गत की गई नियुक्तियों की सूचना ।

परिषद द्वारा विशेष भर्ती अभियान के अन्तर्गत हुई नियुक्ति से समिति को अवगत कराया गया । सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि रिक्त पदों पर वैज्ञानिकीय पदों की पूर्ति शीघ्र की जाये जिससे कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अच्छे वैज्ञानिकों की सेवाएं मिल सके । प्रमुख सचिव ने सूचित किया कि आवश्यकतानुसार अन्य विभागों में भी रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए रोक हटायी गई है, परिषद के लिए भी अनुमति प्राप्त की जा सकती है, इस हेतु उचित प्रस्ताव आगे बढ़ाया जायेगा । रिक्त पदों पर सीधी भर्ती होने तक आवश्यकतानुसार सीमित अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति एवं संविदा आधार पर नियुक्ति की जायेगी।

9. परिषद के सेवा-नियमों के संबंध में ।

सेवा नियमों में संशोधन पर प्रस्तावित समिति का अनुमोदन किया, साथ ही परिषद के कार्यकारी संचालक को समिति में शामिल करने का निर्णय लिया ।

10. परिषद के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतनमान के 50 प्रतिशत के बराबर मंहगाई भत्ते का दिनाँक 1.4.2007 से मूलं वेतन में रूप में परिवर्तन ।

समिति ने प्रस्ताव अनुमोदित किया ।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई ।

K Sharma 15-5-07
संयुक्त संचालक (प्रशासन)
संयोजक

15/5/07
अध्यक्ष, कार्यकारी समिति

डॉ. आर. के. सिंह
कार्यकारी संचालक
म.प्र.वि.एवं प्रौद्यो.परि.,भोपाल



(5)